भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-3276

सोमवार, 9 दिसम्बर, 2019/18 अग्रहायण, 1941 (शक)

कौशल निर्माण मंच

3276. श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डीः

श्री मारगनी भरतः

श्री श्रीधर कोटागिरीः

क्या कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हाल ही में आईबीएमके सहयोग से एक कौशल निर्माण मंच शुरू कियाहै;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)में कौशल निर्माण के संबंध में आईटीआई औरएनएसटीआई संकाय को प्रशिक्षित करने के लिएकार्यक्रम का विस्तार किया जाएगा;

(घ) बदलते बाजार के रुझानों के अनुसारहमारे युवाओं को खुद का आकलन करने औरउसके अनुसार समीक्षा में सहायता करने वालेकार्यक्रमों ने कितनी मदद की है;

(ङ) क्या आईबीएम इस कार्यक्रम के तहतकुछ कुशल युवाओं को शामिल करेगा; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है**?**

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री

(श्री र.के. सिंह)

(क) से (ग) कौशल निर्माण मंच (स्किल बिल्ड) एक डिजिटल प्लेटफार्म है जिसे आईबीएम द्वारा समग्र शिक्षा को सक्षम बनाने और इसे भारत सरकार की स्किल इंडिया पहल के साथ संरेखित करने हेतु विकसित किया गया है। यूके, जर्मनी और फ्रांस में प्रारम्भ होने के बाद भारत चौथा देश है जहां स्किल बिल्ड प्लेटफार्म प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी), कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के साथ परस्पर सहयोग से 4 नवम्बर, 2019 को प्रारम्भ किया गया है।

यह भारतस्किल्स (**http://bharatskills.gov.in**) के माध्यम से ऑनलाइन उपलब्ध होगा **-** यह आईटीआई/एनएसटीआई विद्यार्थियों और अध्यापकों के लिए एक शिक्षण प्रबंधन प्रणाली है और इसका उपयोग निःशुल्क किया जा सकेगा।

कौशल निर्माण मंच (स्किल बिल्ड) व्यक्तिगत कोचिंग और अनुभव से परिपूर्ण शिक्षण पर ध्यान केन्द्रित करेगा और "न्यू कॉलर" कामगारों की भूमिका में शामिल होने के लिए आवश्यक कौशल विकास करने में मदद करेगा। यह प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण श्रम बाजार से बाहर हुए या ज्ञान, कौशल अथवा अनुभव की कमी के कारण न्यून-रोजगार या बेरोजगार हो गए व्यक्तियों के लिए सुअवसर प्रदान करेगा तथा छिपी हुई प्रतिभाओं को भी सामने लाएगा।

कार्यक्रम के एक हिस्से के रुप में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) तथा राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), नेटवर्किंग और क्लाउड कम्प्यूटिंग में दो वर्षीय एडवांस्ड डिप्लोमा प्रदान किया जाएगा।

इस प्लेटफार्म का उपयोग आईटीआई और एनएसटीआई संकाय सदस्यों को बेसिक आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) कौशल में प्रशिक्षित करने के लिए किया जाएगा।

(घ) यह कौशल निर्माण मंच (स्किल बिल्ड) कार्यक्रम युवाओं/छात्रों को मायलिनर जीनियस (**MyInner Genius)** के माध्यम से ज्ञान मूलक और व्यक्तित्व के लिए व्यक्तिगत मूल्यांकन की सुविधा उपलब्ध कराएगा। वे डिजिटल तकनीकों के बारे में बुनियादी बातें और व्यावसायिक कौशल, जैसे संक्षिप्त विवरण (रिज्यूम) लिखना, समस्या समाधान, संचार कौशल का ज्ञान अर्जित करेंगे। युवा/छात्र तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा सहित विशिष्ट नौकरियों के लिए भूमिका आधारित संस्तुतियां प्राप्त कर सकेंगे। इससे अन्य भारतीय और वैश्विक भागीदारों का सहयोग भी मिल सकेगा।

(ङ और च) जी हां, आईबीएम योग्यता के आधार पर आईबीएम/अपने चैनल भागीदारों के माध्यम से आईटी, नेटवर्किंग और क्लाउड कंप्यूटिंग पाठ्यक्रमों में दो वर्षीय एडवांस्ड डिप्लोमा पूरा करने वाले कुछ विद्यार्थियों, युवाओं को प्लेसमेंट सहयोग प्रदान करने के लिए सहमत हो गया है।